कृमि से मुक्ति, बच्चों को शक्ति

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



क्या आप जानते हैं कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ पर अनेक हानिकारक प्रभाव होते हैं, जैसे :

• कुपोषण • खून की कमी (एनीमिया) • भूख न लगना • बैचेनी
• पेट में दर्द व सूजन • उल्टी और दस्त
• मल में खून आना

10 फरवरी 2016 – राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को कृमि नियंत्रण की दवाई स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से निःशुल्क दी जाएगी।

1. 1–5 साल के बच्चों को यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्रों पर खिलाई जाएगी।
2. 6–19 साल के बच्चों को यह दवाई स्कूल में खिलाई जाएगी।
3. स्कूल ना जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई आंगनवाड़ी केन्द्र पर खिलाई जाएगी।
4. सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे यह दवाई स्कूल/आंगनवाड़ी केन्द्र पर टीचर या आंगनवाणी कार्यकर्ता के हाथ से ही खाएं। बच्चों को यह दवाई घर पर नहीं देनी है।
5. अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आशा/टीचर से संपर्क करें

बच्चों को कृमि नियंत्रण के फायदे

सीधे फायदे
- खून की कमी में सुधार
- बेहतर पोषण स्तर

अनुमानिक फायदे
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद
- स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद
- भविष्य में कार्यक्षमता और औसत आय में बढ़ोतरी
- समुदाय में अन्य सदस्यों को भी कृमि नियंत्रण की दवाई का लाभ मिलता है क्योंकि वातावरण में कृमि की संख्या कम हो जाती है



याद रखें : 10 फरवरी 2016

अपने बच्चों को नज़दीकी आंगनवाड़ी केन्द्र और स्कूल पर अवश्य लाएं और कृमि नियंत्रण की दवाई निःशुल्क खिलवाएं।

जो बच्चे छूट जाएं उन्हें यह दवाई 15 फरवरी 2016 को अवश्य खिलवाएं

कृमि नियंत्रण की दवाई खाने के साथ-साथ कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण व्यवहार



आपकी जानकारी के लिए

कृमि नियंत्रण की दवाई सभी बच्चों को देना जरूरी क्यों है जबकि कुछ बच्चे बीमार प्रतीत नहीं होते?

- कृमि नियंत्रण की दवाई बच्चों और बड़ों सभी के लिए सुरक्षित और लाभदायक है।
- कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवाई सभी बच्चों को देना आवश्यक है। हो सकता है कि आपके बच्चो में कृमि संक्रमण के प्रभाव तुरंत दिखाई न दें, लेकिन वे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और संपूर्ण विकास को लंबे समय तक नुक्सान पहुंचा सकते हैं।
- कृमि नियंत्रण की दवाई से बच्चों के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है।